# कार्यवृत्त

## मंगलवार, 13 फाल्गुन, शक संवत्, 1941
## ( दिनांक : 03 मार्च, 2020 )

खण्ड–53

अंक–1

विधान सभा का कार्य सभा मण्डप, भराडीसैंण (गैरसैंण) में दिन के 03:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गीत ''वन्दे मातरम्'' के साथ आरम्भ हुआ।

श्री अध्यक्ष द्वारा माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के प्रथम, कतिपय अन्य अंशों एवं अन्तिम अंश को पढ़कर सुनाया गया।

काजी निजामुद्दीन, माननीय सदस्य ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के प्राविधानानुसार राज्यपाल अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा एवं आय–व्ययक पर चर्चा हेतु प्राविधानित समयावधि का पालन न किये जाने पर विचार व्यक्त किये, नेता प्रतिपक्ष ने भी कहा कि सरकार की मंशा सत्र को कम समय चलाने की प्रतीत होती है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि सदन नियमावली के साथ–साथ परम्पराओं के आधार पर भी चलता है तथा पूर्व में अनेक बार इस सम्बन्ध में प्राविधानित अवधि से कम अवधि में चर्चायें हुई हैं।

माननीय संसदीय कार्य मंत्री के उत्तर से असंतुष्ट होने पर नेता प्रतिपक्ष को छोड़कर विपक्ष के सभी सदस्य ''वेल'' में आकर जोर–जोर से अपनी बात कहने लगे। श्री अध्यक्ष ने इस पर अपना विनिश्चय सुरक्षित रखा।

श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि कार्य–मंत्रणा समिति ने दिनांक 02 मार्च, 2020 की बैठक में दिनांक 03 मार्च, 2020 से 05 मार्च, 2020 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः–

<u>मार्च, 2020</u>

| | | |
|---|---|---|
| 03 | मंगलवार | (1) माननीय राज्यपाल का अभिभाषण। |
| 04 | बुधवार | (1) माननीय राज्यपाल का अभिभाषण पर चर्चा। |
| | | (2) वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु आय–व्ययक प्रस्तुतीकरण (अपराह्न 04:00 बजे)। |
| | | (3) विधायी कार्य। |
| 05 | गुरूवार | (1) धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा। |
| | | (2) आय–व्ययक पर चर्चा। |
| | | (3) विधायी कार्य। |

संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यह सदन कार्य–मंत्रणा समिति की सिफारिश, जिसकी सूचना माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन को दी गई है, से सहमत है। प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

**सदन की कार्यवाही 03 बजकर 32 मिनट पर अगले दिन 11:00 बजे तक के लिये स्थगित हुई।**

जगदीश चन्द्र
सचिव,
विधान सभा।

स्वीकृत,
प्रेमचन्द अग्रवाल
अध्यक्ष,
विधान सभा